## खबर संक्षेप

### मंडला में मटका कुल्फी के दीवाने है लोग

**मण्डला।** सूर्यदेव अपने तेवर दिखाने के साथ पारा 42 डिग्री पार पहुंच चुका है, ऐसे में लोग इस चुभन भरी गर्मी में अपना गला तर करने के साथ गर्मी से राहत पाने ठंडे पेय पदार्थ के साथ कुल्फी और आईसक्रीम का उपयोग कर रहे है। माहिष्मती नगरी मंडला में एक विशेष तरह के मटके में बेहद शानदार मटका कुल्फी बनाकर दी जाती है। इस कुल्फी का स्वाद इतना स्वादिष्ट और लाजबाव होता है कि लोगों का मन एक कुल्फी से नहीं भरता, बारबार इस कुल्फी को खाने यहां रोज पहुंचते है। बेहद लाजीज और बेहद स्वादिष्ट होने के कारण इस कुल्फी के लोग दीवाने है। इस कुल्फी का स्वाद लेने लोग गर्मी के इस सीजन का इंतजार करते है। जानकारी अनुसार इस विशेष मटका कुल्फी को बनाने वाले धर्मेन्द्र झारिया है, जो मंडला नगर में पिछले 10 वर्षो से इस मटका कुल्फी को बनाकर लोगों को खिला रहे है। लखनऊ मटका कुल्फी के नाम शहर में मशहूर मटका कुल्फी शहर के चिलमन चौक चौराहे से तहसील मार्ग किनारे मौजूद है। यहां मटका कुल्फी बेचने वाले धर्मेन्द्र का कहना है कि वह कई विरायटी की कुल्फी ग्राहकों के लिए बनाते है। रोजाना अलग-अलग प्रकार की मटका कुल्फी बर्फ के जरिया मटके से बनाते है। सभी वैरायटी की मटका कुल्फी का स्वाद बेहद शानदार और लाजबाव होता है, सबसे ज्यादा मटका कुल्फी की डिमांड 20 रूपए वाली की होती है। बताया गया कि शहर में अनेक कुल्फी और आईस्क्रीम की दुकानें है, लोग अपनी पंसद अनुसार सभी जगह जाते है, लेकिन लखनऊ मटका कुल्फी वाला दिनभर इस मटका कुल्फी को तैयार करके लोगों तक लाना में खूब मेहनत करता है, इसके बाद लखनऊ मटका कुल्फी वाला धर्मेन्द्र रात्रि 9 बजे के बाद अपना मटका कुल्फी का ठेला लेकर अपने स्थान में पहुंचता है। जैसे ही 9 बजे इनका ठेला चिलमन चौक पहुंचता है, लोग इस लखनऊ मटका कुल्फी में पहुंचना शुरू हो जाते है, इनकी कुल्फी का स्वाद लेने लोग रात्रि 12 बजे तक पहुंचते है। लखनऊ मटका कुल्फी संचालक धमेन्द्र झारिया ने बताया कि उसका परिवार पहले कुल्फी बेचा करते थे, उसी कार्य को आगे बढ़ाते हुए मैं करीब 10 वर्षो से मटका कुल्फी बनाकर बेच रहा हूं। पहले एक विशेष पत्ते में मटका कुल्फी लोगों को दी जाती थी, जिसे लोग खूब पंसद भी करते थे। अब पत्ते मिलना मुश्किल हो गए है, जिसके कारण अब पत्ते की जगह बांस की लकड़ी में मटका कुल्फी लोगों को खिला रहे है, जिसे भी लोग खूब चाव के साथ बेहद पंसद करते है। हमारी कुल्फी का स्वाद वैसा ही है, जैसा पहले था। अब कुल्फी कई वैरायटी में बना रहे है। इस मटका कुल्फी का स्वाद लोगों को खूब पंसद आ रहा है।

## नौतपा में तप रही धरती, आसमान से बरस रही आग

# आग की तरह दहक रही गरम हवाएं

*** लोगों को नहीं मिल रहा सुकून।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला इस वर्ष आग की तरह दहक रहा है। आग की तरह दहकती गरम हवा और सूर्य की तेज तपन का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। इस वर्ष का नौतपा कहर बरपा रहा है। मई माह की गर्मी पिछले सारे रिकार्ड प्रतिदिन तोड़ रही है। अधिकतम तापमान 44 के पार चल रहा है। नौतपा के पांचवें दिन पारा 45 पार होने को बेताव दिखाई दे रहा है। सूरज की तपन के कारण पारा 44 डिग्री के पार पहुंच चुका है। वही न्यूनतम तापमान भी लगातार बढ़कर बुधवार को 26 डिग्री पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिक सुमित परोहा ने बताया कि इस वर्ष गर्मी अपने सारे रिकार्ड तोड़ रही है। गरम हवाओं से सभी प्रभावित हो रहे है। सुबह से ही सूर्यदेव अपने तेज तेवर के साथ उपस्थिति दर्ज करा रहे है। जैसे जैसे दिन चढ़ता है, पारा भी उसी के साथ बढ़ता जा रहा है। बुधवार को एक बार फिर अधिकतम तापमान दिन चढने के साथ बढना शुरू हो गया। सुबह 11.30 बजे जिले का अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री रहा, इसके बाद दोपहर 2.30 बजे पारा 2.8 डिग्री उछाल मारा और अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री में पहुंच गया। सुबह और दोपहर के तापमान से सहज ही अंदाजा लगाया जा रहा था कि नौतपा के पांचवे दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार पहुंचेगा, लेकिन आसमान में अचानक बादल छाने से पारा 44.4 डिग्री पर टहर गया। समाचार लिखे जाने तक आसमान में काले मेघ छाए रहे और गरम हवाएं चलती रही।



### एक माह से चल रहा 40 के पार

नौतपा के पांचवे दिन सूरज की तपन लोगों को आग की तरह झुलसा दी। तेज गर्मी कहर बरपा रही है। गर्म हवाओ का दौर दिन भर चल रहा है। आग बरसाती सूरज की किरणों से लू का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। उसम भरी गर्मी और गरम हवाओं से भी लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। कूलर, पंखे भी गर्मी से निजात दिलाने में नाकाम साबित हो रहे है। विगत एक माह से अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार चल रहा है।

### टोपी की डिमांड

दुकानदार संदीप ने बताया कि उनकी दुकान से गर्मी और लू से बचाने के लिए कई तरह टोपियों की वैरायटी आई है। बाजार में इन दिनों टोपियों की भी भरमार है। यहां बच्चों से लेकर महिलाएं भी धूप से बचने के लिए टोपियां ले रही है। टोपियों में बहुत सारी वैरायटी मौजूद है। दुकानदारों का कहना कि इस समय टोपियों की भी डिमांड बहुत है।

### गर्मी से निजात पाने लोग कर रहे जतन

गर्मी इस वर्ष अपना रौद्र रूप दिखा रही है। जिसके कारण इस वर्ष दोपहर 12 बजे के बाद शहर की सड़कें भी सुनसान होने लगी है। गर्मी का आलम यह है कि आसमां से सूरज निकलने के कुछ घंटों बाद ही कड़ी धूप शुरू हो रही है। आग बरसाती धूप के साथ दिन भर गर्म हवा के थपेड़े भी लोगों का हाल बेहाल कर रहे है। शाम के समय सूरज ढलने के बाद भी गर्मी की तपिश से निजात नहीं मिल पा रहा है। इस भीषण गर्मी में अपने आप को बचाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करने के बाद घर से बाहर निकल रहे है। इस झुलसा देने वाली गर्मी से राहत पाने और अपना सूखा गला तर करने के लिये लस्सी स्टाल, गन्ना रस स्टाल, नींबू पानी स्टाल, कोल्ड ड्रिंक की दुकानों में लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

## अंजनिया में धड़ल्ले से किया जा रहा है अतिक्रमण




*** मूकदर्शक बने जवाबदार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया

जनपद पंचायत बिछिया अंतर्गत ग्राम पंचायत अंजनिया में इन दिनों धड़ल्ले से अतिक्रमण किया जा रहा है। अतिक्रमणकारियों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि उपतहसील भवन के सामने शासकीय जमीन पर ठेला रखकर कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमणकारियों को ग्राम पंचायत अंजनिया द्वारा केवल नोटिस देकर इतिश्री कर ली जाती है और यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया जाता है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए राजस्व विभाग से पत्राचार किया गया है।गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले ही हायर सेंकेंडरी स्कूल और हर्राही मोहल्ला में अतिक्रमणकारियों द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया गया परंतु उनके विरूद्ध किसी तरह की कार्यवाही नहीं की गई।

### उपतहसील भवन के सामने रखा ठेला

उपतहसील कार्यालय भवन के सामने ही एक अतिक्रमणकारी द्वारा ठेला रखकर कब्जा कर लिया गया है। जिस पर राजस्व विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि राजस्व विभाग द्वारा अपने कार्यालय के सामने हो रहे कब्जे को नहीं हटवाया जा रहा है जिससे अंदेशा है कि विभाग की मूक सहमति अतिक्रमणकारी को प्राप्त है। वहीं इस ठेले से दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। अतिक्रमणकारी द्वारा हाईवे से सटाकर ठेला रखा गया है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। जनमांग है कि जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए जिससे कि शासकीय भूमि सुरक्षित हो सके।



# सीईओ जिला पंचायत ने किया निवास क्षेत्र का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट ने बुधवार को निवास क्षेत्र के सरसवाही, सिंगपुर, पिपरिया, मसूरघुघरी, जवैधा, हिरनाछापर, बम्हनी, गुंदलई एवं हाथीतारा आदि ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर, आँगनवाड़ी भवन, खेत तालाब, सड़क निर्माण तथा सीएम राईज स्कूल के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



श्री कूमट ने निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी लगातार क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए कार्यों को बेहतर गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। आवास निर्माण के कार्यों में हितग्राहियों को समुचित मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करें। सीएम राईज स्कूल हाथीतारा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी भी कार्यों की मॉनिटरिंग करें। भ्रमण के दौरान श्री कूमट ने वृक्षारोपण की तैयारियों के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## निर्वाचन परिणामों के सारणीकरण, एनकोर पोर्टल पर एंट्री तथा कम्यूनिकेशन से संबंधित प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतों की गणना 4 जून को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मंडला में की जाएगी। परिणामों के सारणीकरण, एनकोर पोर्टल पर एंट्री तथा कम्यूनिकेशन से संबंधित प्रशिक्षण जिला योजना भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में परिणामों सारणीकरण तथा पोर्टल एंट्री की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि मतों की गणना एवं उनका सारणीकरण पूरे निर्वाचन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, इसलिए इन कार्यों में अत्यधिक सावधानी बरते जाने की आवश्यकता है। निर्वाचन से संबंधित किसी भी कार्य में गलतियों के लिए कोई स्थान नहीं होता। उन्होंने नियुक्त अधिकारी, कर्मचारियों से आग्रह किया कि प्रशिक्षण के दौरान सारणीकरण तथा पोर्टल एंट्री की बारीकियों को समझें। अपनी शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान प्रशिक्षण के दौरान ही प्राप्त करें। इसी प्रकार कम्यूनिकेशन के लिए नियुक्त किए गए अधिकारी, कर्मचारी संसदीय क्षेत्र के अन्य जिलों से भी समन्वय करते हुए सूचनाओं के आदान-प्रदान को प्रभावी बनाएं। कलेक्टर ने सभी को निर्धारित समय से मतगणना स्थल पर पहुंचने तथा गोपनीयता को बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, उपसंचालक कृषि मधु अली, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मधु मिश्रा सहित संबंधित उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर वेद गुप्ता द्वारा पावरप्वाईंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से सारणीकरण एवं पोर्टल एंट्री से संबंधित जानकारियां प्रदान की गई।

**शिविर** | **शिविर में प्रशिक्षित कलाकार देंगे गायन व कथक नृत्य की प्रस्तुति।**

# ग्रीष्मकालीन नि:शुल्क रज़ा शिविर का समापन आज

*** विषय विशेषज्ञों ने बच्चों को अपनी-अपनी विद्या की बारीकियां से कराया अवगत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





रज़ा फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा स्थानीय रज़ा कला वीथिका में चौथे ग्रीष्मकालीन निः शुल्क रज़ा शिविर का समापन आज 30 मई गुरुवार को होगा। यह शिविर 1मई से शुरू हुआ था। इसमें चित्रकला, कथक नृत्य और गायन में बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। जिले के वरिष्ठ कलाकार जगदीश कछवाहा ने गायन, प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना रानू चंद्रौल ने कथक और मंडला के स्थापित चित्रकार अशोक सोनवानी व प्रवीण सैयाम ने चित्रकला का प्रशिक्षण दिया। इस रज़ा शिविर में कला को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में वे गायन, कथक और चित्रकला के गुर सीखाने रज़ा कला वीथिका पहुंचे। इस 1 महीने के दौरान विषय विशेषज्ञों ने बच्चों को अपनी-अपनी विद्या की बारीकियां से अवगत कराते हुए उन्हें पारंगत करने की भरपूर कोशिश की। इस एक महीने के शिविर के दौरान गायन और कथक की ट्रेनिंग लेने वाले बच्चों द्वारा आज शाम 7:00 बजे रज़ा कला वीथिका में अपनी कला का प्रदर्शन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विश्व विख्यात चित्रकार सैयद हैदर रज़ा के निधन के बाद से उनके द्वारा तैयार किए गए रज़ा फाउंडेशन द्वारा मंडला जिले में लगातार कला के विस्तार के लिए कार्य किया जा रहा है। हैदर रज़ा के जन्मदिवस और पुण्यतिथि पर जहां चित्रकला कार्यशाला, माटी पर रंग और विख्यात कलाकारों की प्रदर्शनी आयोजित की जाती है तो समय-समय पर भारतीय शास्त्रीय संगीत से जुड़ी गतिविधियां भी लगातार संचालित होती रहती हैं। इस कड़ी में पूर्व में कथक, कुचिपुड़ी, ओडिसी, भरतनाट्यम जैसे भारतीय शास्त्रीय नृत्य सहित अनेक भारतीय शास्त्रीय परंपरा से जुड़े नृत्य व संगीत के आयोजन किया जा चुके हैं। रज़ा कला वीथिका में देश के नामचीन तबला वादक, सरोद वादक, सारंगी वादक और सितार वादक भी अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। इसके अलावा जाने-माने राजस्थानी व छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार भी समय-समय पर यहां अपनी प्रस्तुति देने आते रहते हैं। इससे मंडला जिले में कला के क्षेत्र में एक सकारात्मक माहौल तैयार हो रहा है। रज़ा फाउंडेशन द्वारा मंडला - डिंडोरी के कलाकारों को बड़े स्तर पर मंच उपलब्ध कराने का भी कार्य किया जा रहा है। मंडला के प्रसिद्ध चित्रकार आशीष कछवाहा की नई दिल्ली की फेमस गैलरी में सोलो एग्जिबिशन आयोजित की जा चुकी है। इसके अलावा हाल ही में डिंडोरी जिले के पाटनगढ़ और मंडला जिले के गोंड कलाकारों की प्रदर्शनी गोंड कलम का भी सफलता पूर्वक आयोजन नई दिल्ली में किया गया। ₹गोंड कलम₹ को राजधानी के कला प्रेमियों द्वारा काफी सराहा गया। रज़ा फाउंडेशन ने समस्त कला प्रेमियों से 30 मई की शाम 7:00 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने स्थित रज़ा कला वीथिका में आयोजित गायन व कथक नृत्य की प्रस्तुति में पधार कर कलाकारों का उत्साह वर्धन करने की अपील की है। रज़ा फाउंडेशन का अगला कार्यक्रम जुलाई माह में रज़ा साहब की पुण्यतिथि के अवसर पर रज़ा स्मृति के रूप में होगा। रज़ा फाउंडेशन के सदस्य सचिव संजीव चौबे ने इस शिविर के सफल संचालन में सहयोग के लिए जिला प्रशासन, जिला पंचायत, इनर वॉइस सोसाइटी और शिविर में प्रशिक्षण ले रहे बच्चों व उनके अभिभावकों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा की है।

## कम उपजाऊ भूमि के लिए वरदान है कोदो-कुटकी

*** खारी एवं सलवा में आयोजित की गई कृषक संगोष्ठी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मंडला विकासखंड के ग्राम खारी तथा घुघरी विकासखंड के सलवाह में कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को कोदो कुटकी, रागी, कंगनी और सांवा लघु धान्य फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक, जैविक खेती के बढ़ते महत्व तथा खरीफ पूर्व आवश्यक तैयारी के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। खारी में आयोजित किसान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उपसंचालक कृषि मधु अली द्वारा बताया गया कि मिलेट्स कम उपजाऊ भूमि के लिए वरदान है। कम लागत में किसान मिलेट्स का उत्पादन लेकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। औषधीय गुण होने के कारण अब कोदो कुटकी एवं अन्य लघु धान्य फसलों की मांग बढ़ती जा रही है और मांग अनुरूप किसानों को अच्छे दाम भी मिल रहे हैं। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि कोदो-कुटकी की खेती में उन्नत तकनीक, उन्नत किस्म के बीज का उपयोग तथा खेती में वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करें। प्रशिक्षण में उपसंचालक कृषि मधु अली, सहायक संचालक नेहा डेहरवाल, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जेआर गजेंद्र, कृषि विस्तार अधिकारी रामकिशोर सैयाम, निधि, पुष्पा कोरचे उपस्थित थे।

### कृषि में करें उन्नत तकनीक का उपयोग

प्रशिक्षण में कृषकों को खेती में जैविक खाद का उपयोग, उन्नत प्रमाणित बीज की जानकारी और कतार बोनी की जानकारी दी गई। कोदो-कुटकी, रागी आदि मोटे अनाज की खेती में जैविक खाद का महत्व एवं उपयोग विधि के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में कृषकों को अन्य खरीफ फसलों की फसल उत्पादन तकनीक और बारिश पूर्व तैयारियों, फसल बीमा, उन्नत यंत्रों की जानकारी एवं ऑनलाइन पंजीयन पर भी विस्तृत चर्चा की गई।



### उपसंचालक कृषि द्वारा किया प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण

उपसंचालक मधु अली द्वारा महिष्मति फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा संचालित कोदो कुटकी प्रसंस्करण इकाई बम्होरी और बकोरी में स्थापित शिवम कोदो कुटकी प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया गया और आवश्यक निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### विधवा महिला को दी गई जान से मारने की धमकी

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कठोतिया में शिक्षिका पदस्थ व विधिवा द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह गाडरवारा में अकेली रहती है तथा बीते हुये दिवस पडौस में ही निवासी करने वाले मुकेश कुर्मी तथा सुरेन्द्र नामदेव नामक व्यक्ति द्वारा विधिवा महिला को किसी बाद को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोट पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### युवक को मौत के घाट उतारने वाले बाइक चालक पर मामला

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये सुभाष वार्ड निवासी प्रवीण पिता देवी प्रसाद साहू उम्र 50 साल जब अपने किसी काम से कही जा रहे थें उसी दौरान मोटर साईकिल क्रमांक MP49MT0974 का चालक मोटर साईकिल को तेजगति ,लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार देने के कारण प्रणीण को घायल अवस्था में उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया था जहां पर मौत होने पर पुलिस द्वारा मर्ग जांच के उपरांत वाइक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### भौरझिर में सोते समय युवती को मारी लाठी

**गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भौरझिर निवासी एक 20 वार्षिय युवती द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह रात के समय अपने घर में सो रही थी उसी दौरान मकान के विवाद की बात को लेकर उसकी बडी माँ द्वारा सिर में लाठी मारते हुये चोट पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी बडी माँ के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### तीन ने मिलकर महिला से की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम कल्याणपुर निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस मै और मेरे पति अरविन्द कौरव घर पर थे तभी मेरे देवर प्रेमनारायण कौरव एवं भतीजे संदीप तथा शिवम कौरव आये और मुझे एवं मेरे पति को पैत्रक जमीन के हिस्से बटवारे की बात पर गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब गाली देने से मना किया तो तीनों ने एक राय होकर मारपीट करते हुये चोट पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### रास्ता रोकते हुये लाठी मारकर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम कुड़ारी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह चीचली अपने किसी काम से जा रहा था उसी दौरान रास्ते में कुड़ारी ही निवासी हेमंत कीर तथा अज्जईया कीर मिले दोनों ने एक राय होकर रास्ता रोककर गंदी गंदी गालिया देकर लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### खेत में पानी बहाने की बात को लेकर हुई मारपीट

**चीचली।** समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस डोगरगांव ही निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह अपने खेत पर बने मकान में रहता है तथा खेती किसानी करता है। प्रर्थी के खेत के बाजू से ग्राम डोगरगाँव के मोतीलाल कौरव का खेत है जो अपने खेत में पानी देते समय मेरे खेत में पानी बहाता है जिससे प्रार्थी के खेत की फसल खराब होती है। इस बात को लेकर जब प्रार्थी द्वारा मोतीलाल कौरव को पानी बहाने की बात पर से समझाने का प्रयास किया गया तो मोतीलाल कौरव व उसके लडके सुरेन्द्र कौरव द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोट पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई।

---

### प्रशासन द्वारा जागरूकता नही दिखाई जाने के कारण बर्बाद हो रही करोड़ो की संपत्ति

# खंडहर में तब्दील हो नगर में बने हुये अनेक शासकीय भवन





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** प्रतिवर्ष देखा जा रहा है कि नगर सहित क्षेत्र में आये दिन शासकीय भवनों के निर्माण को लेकर जहां आधार शिलाएं रखी जा रही है। वही दूसरी ओर आये दिन नगर में नव निर्मित भवनों का अधिकारियों से लेकर नेताओं द्वारा लोकापर्ण करते हुए मिठाईयाँ खाते हुए नगर को सौगाते प्रदान कराने की बात कहते हुये खूब वाही वाही लूटी जा रही है? जबकि नगर के अंदर गौर करने वाली बात तो यह है कि जिस प्रकार से नगर के अंदर करोड़ो की लागत से बनने वाले इन शासकीय भवनों के निर्माण कार्यो की सच्चाई चंद दिनों के अंदर ही लोगों के सामने आने से नही चूक रही है कि आखिर में शासन द्वारा दिये गये लाखों रूपया में क्या खेल हुआ है? यदि भवन निर्माण के कार्यो की सच्चाई देखी जावे तो आज से कई वर्षो पूर्व नगर में अनेक ऐसे शासकीय भवनों का निर्माण हुआ है जो आज शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते खंडहर जरूर हो रहे है। मगर उनके निर्माण कार्यो की गुणवत्ता एवं वर्तमान समय में उससे कई गुना अधिक राशि से बनाये जाने वाली शासकीय भवनों की गुणवत्ता में काफी अंदर देखा जा सकता है? कुछ इसी प्रकार की स्थिति नगर में जहां तहां पड़ी हुई शासकीय भूमि की देखने मिल रही है, जिसको लेकर देखा जा रहा है कि जिसकी मर्जी जहां होती है वह शासकीय भूमि को अपने कब्जे में लेते हुए उस पर अतिक्रमण कर आलीसान भवन व दुकानों का निर्माण करते हुए कमाई करने में लग जाता है। इस बात की सच्चाई नगर में आसानी से जहां तहां देखने मिल सकती है? जबकि गौर किया जावे तो शासन प्रशासन तथा पुलिस व नपा. द्वारा सदा शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने की घोषणाएॅ तो की जाती है पर वास्तविकता यह है कि नगर में पड़ी हुई शासन की बहुमूल्य जमीन अभी तक अतिक्रमण की भेंट चढ़ी हुई है। ऐसे में जाहिर है कि शहर से अतिक्रमण का जाल हटाने को लेकर शासन प्रशासन के दावे खोखले साबित हो रहे है ओर नगर के सौंदर्यीकरण को पूर्णरूप से ग्रहण लगता हुआ जान पड़ रहा है? अक्सर देखा जाता हे कि जब भी नगर में अतिक्रमण हटाने की शुरूआत होती है तो मात्र चंद गरीबों के मकानों को हटाते हुए जब किसी प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा मनमानी तरीके से अतिक्रमण करते हुए पक्का निर्माण किया गया है उसे हटाने की नौबत आते है अतिक्रमण को विराम लग जाता है, जिसके चलते नगर में सौन्दर्यकरण काम अधर में लटका हुआ हुआ जान पड़ रहा है और नगर की शासकीय भूमियों पर अतिक्रमण हटने की जगह लगातार बढ़ते हुये देखा जा रहा है। उधर देखने में आ रहा है कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शान से अपने आफिसों में बैठे शासकीय इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि व्यापक जनहित में शहर की जर्जर होती शासकीय पुरानी इमारतों की सूची तैयार कर उनको ध्वस्त कराने या फिर उनका जीर्णोद्वार कराने की दिशा में प्रयास किए जाएॅ जिससे करोड़ो की संपत्ति खंडहर के रूप में तब्दील हो चुकी यह शासकीय इमारते नगर की शोभा बन सके और म.प्र. शासन की राजस्व हानि से बचाया जा सके। वही दूसरी ओर यदि गौर किया जावे तो इस समय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शासन की संपत्ति को लेकर कोई चिंता ही नजर नही आ रही है। जिसके चलते नगर में जहां तहां बने हुए शासकीय करोड़ो की राशि के शासकीय भवनों को बचाने के लिए ने तो अधिकारी और न ही क्षेत्र के नेताओ द्वारा किसी भी प्रकार की कोई पहल जा रही है जिसके चलते यह शासकीय भवन लगातार बदहाली का शिकार होने से नही चूक रहे है और इन भवनों में लगी हुई कीमती इमरती लकड़ी से लेकर अन्स सामग्री गायब होते हुये दिखाई देने लगी है? गौरतलब है कि नगर में शासकीय महाविद्यालय का पुराना भवन, पलोटन गंज स्थित कृषि विभाग का विशाल भवन तथा जनपद पंचायत की इमारत, पुरानी पुलिस चौकी के क्वार्टर, थाना के पीछे बना हुआ नगर पुलिस निरीक्षक का पुराना बंगला, शासकीय चिकित्सालय के पास बना हुआ पुराना टी वी मरीजों का वार्ड जो शोचनीय हालत में होने के साथ साथ वह निरंतर खंडित होते हुये देखे जा रहे है। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत का भवन जो पलोटन गंज स्थित जर्जर होते चले जा रहे इस भवन का भीतर के भाग में लोग मूत्रालय के रूप में उपयोग कर रहे हैं तथा उसके रोशन दान व कुछ हिस्सा महफूज होने के बावजूद उसमें लगी सगौन की लकड़ी गायब होते हुये देखी जा रही है। यही हाल शासकीय चिकित्सालय के पास बने हुये टी वार्ड वाले भवन का भी हैं जो रखरखाव के अभाव में खंडहर होता चल रहा है। खैर इस वार्ड की जगह कुछ हिस्से को तोड़ दिया गया है। मगर शेष हिस्सा आज भी बदहाल हो हुये दिखाई दे रहा है? ज्ञातव्य है कि उक्त भवनो की दुर्दशा इस सीमा तक हो चुकी है कि वे कभी भी गिरकर जनहनि का सबब बन सकते है। शहर के जागरूक नागरिकों का मानना है कि यदि उक्त शासकीय इमारतों के जर्जर हालत देख प्रशासन उन्हे तुड़वाने की कार्यवाही करे तो शासन की कीमती जमीन रिक्त हो सकती है और उसमें युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से सौकड़ों दुकानों का निर्माण किया जा सकता है।

---

## ओवर लोडिंग मिट्टी परिवहन करने वाले वाहनों द्वारा सड़क पर गिराई जा रही मिट्टी से बन रही धूल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस दिनों नगर में देखा जा रहा है कि मिट्टी माफियों द्वारा जहां सरकारी भूमियों पर अवैध खनन करते हुये मिट्टी का परिवहन कर अपनी जेबे भरने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है? इस सच्चाई को गाडरवारा क्षेत्र में छोटे से लेकर बडे अधिकारी अच्छे से जानते है कि नगर में जिस तरह मिट्टी का परिवहन किया जा रहा है वह पूर्ण रूप से अवैध है? क्योंकि खनिज परिवहन करने के लिये उपयोग होने वाले वाहनों का परिवहन विभाग में अलग से ही पंजीयन होता है और जो वाहन परिवहन के नाम पर पंजीकृत होते है उन्ही वाहनों के माध्यम से खनिज संपदा का परिवहन किया जा सकता है। मगर इसके बाद भी नगर की सड़को पर जिस तरह कृषि कार्य हेतु लिखी हुई ट्रेक्टर ट्रालियों में अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन करते हुये यह वाहन अधिकारियों की आंखों में सामने से दौड़ रहे है। मगर जिम्मेदारों द्वारा इस सच्चाई को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि इस तरह मिट्टी का परिवहन करने वाले वाहन मालिकों को हौसले इतने बुलंद नजर आने लगे है कि वह शहर की सड़को पर खुलेआम ओवर लोडिंग करते हुये अपने ट्रेक्टर ट्राली दौड़ाने से नही चूक रहे है। इस तरह मिट्टी ढोने वाले वाहनों की मनमानी का परिणाम आम जन को भोगने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। इस बात की सच्चाई नगर के छिपा तिरहा से शासकीय चिकित्सालय के सामने से निकलते हुये पलाोटन गंज तथा स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग



पर आसानी से देखने मिल सकती है। जहां पर ओवर लोडिंग करते हुये मिट्टी का परिवहन करने वाले इन वाहनों द्वारा मुख्य सड़क पर गिराये जाने वाली मिट्टी के नजारे इस तरह से दिखाई पड़ रहे है कि यह मिट्टी वाहन से गिरी नही बल्कि सड़क पर डलवाई जा रही हो..? पक्की सड़क के ऊपर इन वाहनों से इतनी अधिक मात्रा में मिट्टी गिरते हुये देखी जा रही है कि संपूर्ण सड़क कच्ची सड़क के रूप में परिवर्तित हो चुकी है। वही दूसरी ओर इस सड़क के आवास निवास करने वाले लोगों सहित शासकीय चिकित्सालय में भर्ती रहने वाले मरीज सड़क पर उठते हुये धूल के गुब्बारों से परेशान होते हुये देखे जा रहे है? ऐसा नही कि इस सच्चाई से गाडरवारा क्षेत्र में जिम्मेदार अधिकारी अनविज्ञ है..? क्योंकि गाडरवारा में पदस्थ हर विभाग के छोटे से लेकर बड़े अधिकारियों का दिन में अनेकोबार इस मार्ग से निकलना होता ही रहता है। क्योंकि यह मार्ग नगर के अनुविभागीय कार्यालय से लेकर तहसील कार्यालय, पुलिस कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों के लिये पहुंचने वाला प्रमुख मार्ग है। इस स्थिति में निश्चित तौर से इस मार्ग से सभी अधिकारियों को निकलते हुये देखा जाता है। मगर हैरत की बात है कि नगर में इस तरह खुलेआम ओवर लोडिंग स्थिति में दौड़ इन मिट्टी परिवहन करने वाले वाहनों की ओर किसी भी अधिकारी द्वारा रोक लगाने की बात तो दूर उनकी तरफ देखने की तक हिम्मत नही जुटा पाने का परिणाम आमजन को धूल के गुब्बारों की मार झेलने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है? इस तरह नगर के छीपा तिरहा से पलोटन गंज की ओर जाने वाले मार्ग से यदि कोई वाहन तेज गति से गुजर जाता है तो धूल का हाल इस तरह से होता है कि वर्षो पुराने गांवों के कच्चे मार्गो की यादे ताजा करने से नही चूक रहा है? इस मार्ग पर मिट्टी परिवहन करने वाले वाहनों के ओवर लोडिंग के चलते गिरने वाली मिट्टी के चलते संपूर्ण मार्ग धूल की चपेट में आने से नही बच पाया है। वही इस तरह पक्की सड़क पर पड़ी हुई मिट्टी के ऊपर से जब कोई दूसरा वाहन निकलता है तो संपूर्ण क्षेत्र में धूल का इस तरह से नजारा दिखाई देने लगता है कि मानों सामने से तेज हवा के साथ कोई तूफान आने वाला हो...? इस तरह नगर में लोगों द्वारा की जा रही मनमानी को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी जहां चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है तो दूसरी ओर लोगों का कहना है कि शायद नगर में शासन प्रशासन तंत्र अब समाप्त हो चुका है और इस शहर का अब भगवान ही मालिक है..?

## कौरव सेवा समिति द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 9 जून को




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समाज सहित अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने का निर्णय जिस तरह बीते हुये वर्ष कौरव सेवा समिति द्वारा लिया गया था। उसके चलते लगातार दूसरे वर्ष कौरव सेवा समिति द्वारा प्रतिभाओं के सम्मान समारोह का आयोजन 9 जून दिन रविवार को दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक रॉयल पैलेस भवन में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संपूर्ण नरसिंहपुर जिले के कौरव समाज की उन प्रतिभाओं को सम्मानित किया जावेगा जो हाल की में घोषित किये गये कक्षा बारहवी में मध्य प्रदेश व सेन्ट्रल वोर्ड परीक्षा 2024 में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करते हुये समाज का नाम रोशन किया है। इसके आलवा वर्ष 2023-24 में सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाली प्रतिभाये तथा न्यू स्टार्टअप 2023-24 के माध्यम से सफलता हासिल करने वाली कौरव समाज की सपूर्ण प्रतिभाओं को कौरव सेवा समिति द्वारा बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी सम्मानित करने जा रही है।

### आचार्य प्रवर संत तारण तरण मंडलाचार्य का गुरूपर्वी महा महोत्सव मनाया गया



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय श्री संत तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय जी में बीते हुये दिवस आचार्य प्रवर संत तारण तरण मण्डलाचार्य महाराज की गुरूपर्वी महा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्री मन्दिर जी में मंदिर विधि का आयोजन किया गया व मंदिर विधि सम्पन्न कराने का सौभाग्य सेठ सुरेंद्र कुमार राकेश जैन को प्राप्त हुआ। ज्ञातव्य है की सोलहवीं सदी के महान अध्यात्म वादि क्रांतिकारी जैन दर्शन के मर्मज्ञ परमवीतरागी संत श्री गुरु तारण स्वामी हुए। जिन्होंने शुद्ध अध्यात्म का शंखनाद किया स्वयं मुक्ति मार्ग के पथिक तारण पंथी हुए और समस्त जीवो को मुक्ति का मार्ग तारण पंथ बताया। भारतीय संस्कृति में सोलहवीं शताब्दी का समय संतयुग के रूप में जाना जाता है। उस समय देश के हर कोने में संतों का अवतरण हो रहा था मालवा, मध्य प्रदेश में श्री जिन तारण तरण स्वामी जैसे महान सूर्य का उदय हुआ। बताया जाता है कि मिति अगहन सुदी सप्तमी विक्रम संवत 1505 (ई सन १४४८) में बिलहरी पुष्पावती में हुआ। आचार्य श्री जिन तारण तरण मंडलाचार्य जी महाराज ने धर्म के नाम पर भ्रमित मानवता को यथार्थ राह दिखाकर जीवो के कल्याण का पथ प्रशस्त किया है। श्री छद मस्त वाणी जी में यह उल्लेख है कि महावीर स्वामी के समवशरण को आचार्य गुरु ने प्रत्यक्ष देखा व दिव्य ध्वनि सुनी थी तभी उन्हें देशनालब्धि और धर्म का विशेष बहुमान था। इसलिए तारण पंत में कहा गया है की हमें तारण स्वामी द्वारा बताए हुए क्रिया कांड और आडंबर रहित क्रिया कलापों से बचाते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर अपने आत्म कल्याण की भावना को भाना चाहिए।

### ताश पत्तों पर हार जीत का दांव लगाते हुये गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिस पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की शहर की गोल्डन सिटी कालोनी कुछ लोग जुंआ खेल रहे ह। इस सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा गया तो वहां पर पुलिस को रामशंकर कहार पिता भूपेन्द्र प्रसाद कहार उम्र 60 साल निसावी चीचली, हरिशंकर नामदेव पिता श्रीकृष्ण नामदेव उम्र 60 साल निवासी बारहा बड़ा, कौशल पिता रामशंकर कहार उम्र 26 साल निवासी चीचली को जुंआ खेलते हुये पकड़कर आरोपियों के पास से 52 ताश पत्ते सहित नगदी 840 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से समीपस्थ ग्राम आमगांव छोटा बस स्टेन्ड के पास शेख हकीम पिता शेख सलीम उम्र 36 साल निवासी ग्राम आमगांव छोटा, राजू पिता भगवत सिंह लोधी उम्र 28 साल निवासी आमगांव छोटा, प्रमोद पिता ललता प्रसाद जाटव उम्र 35 साल निवासी आमगांव छोटा के ास से भी ताश पत्ते व नगदी 390 जप्त किय गये। इसी प्रकार से डमरूघाटी केकरा रोड पर छापा मारते हुये मौके पर रामकुमार पिता मिटठू लाल ठाकुर निवासी डोला बाबा, सोनू पिता तीरथ नौरिया निवासी डोला बाबा, मनीा पिता भागीरथ कहार व संजू पिता गोपाल नीरस गाडरवारा को जुंआ खेलते हुये पकड़कर आरोपियों के पास से ताश पत्ते सहित नगदी 1200 नगदी जप्त करते हुये धारा 13 जुंआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।



## अनेक सटोरिया आये पुलिस की गिरफ्त में

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के नेतृत्व में सटोरियों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के चलते बीते हुये दिवस अलग अलग जगहों व भारी सटोरियों पुलिस की पकड़ में आये है। सटोरियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिवस प्रदीप पिता मूलचंद जंदेल निवासी शिवाजी वार्ड गाडवारा, अखिलेश पिता हल्क प्रसाद बंशकार निवासी विवेकानंद वार्ड, रमेश पिता हल्के चौधरी निवासी हजरत चौक नरसिंहपुर, संतोष उर्फ कल पिता सुरेश गुप्ता निवासी ग्राम कौडिया, विजय कुमार पिता गोकल प्रसाद बसेडिया निवासी ग्राम गरहा को सट्टा पट्टी काटते हुये रंगे हाथों पकड़कर इनके पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 5210 रूपया जप्त किये गये। इसके आलवा समीपस्थ सालीचौका पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की नगर के सांई मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा पट्टी काट रहा है। इसी के चलते जब पुलिस द्वारा मौके पर छापा डालते हुये एक युवक को पकड़कर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम राजेन्द्र सिंह पिता बैनी सिंह रूहेला उम्र 58 वर्ष निवासी वार्ड न.02 सालीचौका बताया गया। वही वही पुलिसने आरोपी के पा से सट्टा पट्टी सहित नगदी 620 रूपया तथा नगर के पलोटन गंज में वीरेन्द्र उर्फ मेहताब पिता नन्हे सिंह निवासी आईटीआई कालोनी के पास से भी सट्टा पट्टी व नगदी 230 रूपया तथा नगर के चीचली तिरहा के पास ओम प्रकाश पिता हेमराज मेहरा उम्र 33 वर्ष निवासी शाहपुर के पास स पुलिस ने सट्टा पट्टी सहित नगदी 200 रूपया जप्त किये। इसी प्रकार से डोगरगांव थाना पुलिस द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रायपुर में वी के निवासी जग मोहन पिता कोमल लड़िया उम्र 28 वर्ष के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 330 रूपया जप्त करते हुये धारा 4 क जुंआ एक्ट के तहत मामला कायम किया गया।



### अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने पुलिस की मुहिम लगातार जारी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर से लेकर गांव गांव बिक रही अवैध शराब पर अंकुश लगाने के लिय उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी द्वारा लगातार धरपकड़ मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा नगर के कुचबंदिया मोहल्ला शक्ति चौक निवासी पप्पू कोरी पिता लेखराम कोरी उम्र 35 वर्ष को अवैध रूप से 4 लीटर शराब के साथ पकड़ा गया। इसी प्रकार से नगर के रायल्टी आफिस के पास एक महिला के पास से 4 लीटर कच्ची महुआ की शराब जप्त की गई। वही ग्राम सहावन तालाब के पास गोविंद पिता फूला सिंह ठाकुर के पास से 10 लीटर शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा वही के सब्जी बाजार के पास प्रीतम पिता मुन्ना लाल महोबिया उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बोहानी के पास से 19 पाव तथा नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में माधव पिता गंगाराम धानक उम्र 40 साल निवासी आजाद वार्ड के पास से 4 लीटर कच्ची शराब व नगर के डोलाबाबा में रानी लक्ष्मी बाई वार्ड निवासी एक महिला के पास से 5 लीटर तो कुचबंदिया ही मुहल्ला में माता वार्ड निवासी शंकर लाल पिता मनीराम कहार के पास से 5 लीटर व ग्राम कौडिया निवासी सुरेन्द्र पिता ओम प्रकाश जाटव के पा से 5 लीटर तथा सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम भटरा में वही के निवासी भोजराज पिता काशीराम मेहरा के पास से पुलिस ने 12 पाव देशी शराब जप्त करते हये धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कियागया है।



### बच्चों की सेहत पर भारी पड़ रहा ठंडा मीठा जहर, सच्चाई को लेकर प्रशान कर रहा नजर अंदाज

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय पड़ रही तेज गर्मी के चलते जहां लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि गर्मी के चलते लोगों को शीतल पेयपदार्थ आकर्षित करने से भी चूक रहे है, जिसके चलते शहर की गालियों, सार्वजानिक स्थानों पर बच्चो के स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालने वाले ठंडे मीठे जहर की खुलेआम बिक्री होते हुये देखे जा रही है। मगर इस ओर किसी के द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है कि नगर में विक्रय होने वाली लोकल स्तर के कुल्पी व बर्फ का निर्माण किस जगह तथा कैसे पानी से किया जा रहा है? ज्ञातव्य है कि यह हानिकारक काजू शेक, शर्बत बेचने के लिए बाहर के लोगों की आमद हो चुकी है और कई जगह उनके शर्बत की शीशियों से सजे ठेले भी नजर आने लगे है। क्रमशः तापमान बढ़ने से इन ठेलो पर ग्राहकी का आलम भी दिखायी पड़ रहा है। दूसरी ओर बताया गया है कि शहर में धड़ल्ले से वर्फ के गोले भी बेचे जा रहे है, जिन्हे अंजाने में बच्चे खरीद रहे है। खबर है कि चन्द पैसों में बच्चों को मिलने वाले ये वर्फ के गोले सेकरीन से बने शर्बत से तर किए जाते है और अत्याधिक मीठे और ठंडे होने से बच्चे इनका सेवन तो कर लेते है पर बाद में उनके गले में तकलीफ होने लगती है और उन्हें जुकाम की बीमारी शिकंजे में लेने लगती है? वही दूसरी ओर लगातार गर्मी भी बढ़ते चली जा रही है, इस हालत में दूध, मेवे से बने शीतल पेय पदार्थ बच्चो को नुकसान नही पहुँचातें। लेकिन जहॉ तक रंगीन सस्ती कुल्फियों की बात है वे बच्चो के स्वास्थ्य के लिए इसलिए खतरनाक होती है। क्योंकि उन्हे बनाने वाले शर्बत में सेकरीन का प्रयोग किया जाता है, जिसके सेवन को चिकित्सक भी हानिकारक मानते है उनका कहना है कि बच्चो को इस बात की समझ नही होती कि कौन सी चीज उनकी सेहत के लिए नुकसानदेह है। इसी कारण वे भूलवश सस्ती कुल्फियॉ खरीदकर आफत मोल ले लेते है और स्वास्थ्य खराब होने पर अभिभावकों की भी मुसीबतें बढ़ा देते है। इतना ही नही इस प्रकार से स्थानीय स्तर पर बनने वाले इन ठंडे पेय पदार्थों का निर्माण किये जाने वाली जगह पर साफ सफाई का आभाव होने के कारण वह जानलेवा साबित भी जो जाते है? इन्ही बातों की चिंता को लेकर अभिभावकों व आम जन ने मॉग की है कि नपा.का स्वास्थ्य विभाग इस प्रकार से गुणवत्ताहीन ठंडा मीठा जहर बिकनें पर प्रतिबंध लगायें, जिससे हॅसते खेलते बच्चो के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़ सकें।



## खबर संक्षेप

### कार्यालयीन समय में कुर्सी से गायब रहते हैं वन विभाग के लिपिक



डिंडोरी। सरकार द्वारा भले ही पारदर्शी एवं जवाबदेही प्रशासन की बात की जाती हो। लेकिन सरकारी विभागों में कार्यरत सभी लिपिक की लापरवाह प्रवृत्ति के कारण सरकारी दफ्तरों की दशा खराब है। सरकार द्वारा भले ही सुबह साढे नौ बजे से शाम छह बजे तक का कार्यालय समय निर्धारित किया हुआ है। लेकिन उत्पादन वन मंडल कार्यालय में बाबू अपनी मर्जी के समयानुसार काम करते हैं। उच्चाधिकारियों के मुख्यालय में नहीं रहने का फायदा उठाते हुये उत्पादन वन मंडल के बाबू कार्यालय से नदारद हो जाते हैं और आवेदक परेशान होते रहते हैं। इसकी बानगी बुधवार को फिर से देखी गई, जब आवेदक अपने आवेदन को लेकर कार्यालय पहुंचे तो शाखा प्रभारी लिपिक गायब थे। इस दौरान अधिकारियों ने उनसे फोन पर भी संपर्क किया। लेकिन शाम तक वह कार्यालय नहीं पहुंचे। इस बाबद जानकारी मिलने पर डीएफओ उत्पादन ने संबंधित लिपिक से जानकारी लेने की बात कही है।

### परवाज रोजगार पाने का एक सुनहरा अवसर

डिंडोरी। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग और जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 8 जून को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी में जिला स्तरीय परवाज (रोजगार मेला) का आयोजन किया जाएगा। आयोजित परवाज (रोजगार मेला) जिले के शिक्षित एवं बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर है। जिसमें प्रतिष्ठित टाटा कामर्शियल ऑटोमोबाइल जबलपुर, एसआईएस सिक्यूरिटी सर्विस अनुपपुर, एस.वाई.आर.एम.ए.एस.जी.एस. गुडगांव एवं जयश्री पॉलीमार, एस.एण्ड टी. कन्सट्रक्शन कंपनियों के द्वारा युवाओं की भर्ती की जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए योग्यता 8वीं, 12वीं, स्नातक, एमबीए, आईटीआई, डिप्लोमा फिटर, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक एवं मैकेनिकल सिविल के अभ्यर्थी रोजगार मेला में शामिल हो सकते हैं। आवेदकों के लिए आयुसीमा 18 से 40 वर्ष की आयु के सभी युवक-युवती पात्र होंगे किसी भी प्रकार की शैक्षिक योग्यता रखने वाले इस मेले में भाग ले सकते है। वेतनमान 11500/- से 27000/- योग्यता अनुसार है। रोजगार मेला में आवेदकों को आवश्यक दस्तावेज के रूप में पासपोर्ट साइज फोटो, मार्कशीट मूलप्रति एवं फोटोकॉपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अनुभव संबंधी दस्तावेज लाना अनिवार्य है।

### विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

डिंडोरी। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में 31 मई 2024 विश्व तम्बाकू निषेध दिवस एवं 26 जून 2024 को अतंर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उक्त आयोजनों के लिए विभिन्न विभागों को आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार पुलिस विभाग द्वारा वाहनों में नशामुक्ति स्टीकर लगाना, सार्वजनिक स्थलों पर नशामुक्ति का प्रचार प्रसार एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार से खेल विभाग, जन अभियान परिषद, नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा संयुक्त रूप से चित्रकला, निबंध, भाषण, रंगोली, गीत संगीत, नुक्कड़ नाटक, मैराथन, प्रभात फेरी, शपथ ग्रहण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा विद्यालय-महाविद्यालय के 100 मीटर के दायरे में पान दुकान में गुटखा, तम्बाकू आदि उत्पादों में प्रतिबंध लगाने व गंभीर बीमारियों पर पोस्टर प्रदर्शनी, जनपद पंचायतध नगर परिषद के द्वारा शासकीय, सार्वजनिक स्थलों में नशामुक्ति प्रचार प्रसार बैनर, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, सामाजिक न्याय विभाग द्वारा कलापथक दलों व कला मंडलियों द्वारा नाटक, गीत, हेल्पलाइन नम्बर, प्रचार प्रसार, वॉल पेंटिंग, रथ आदि, शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग प्रभात फेरी, रैलियां, मानव श्रृंखला का निर्माण, शपथ ग्रहण का आयोजन किया जाएगा।

---

### वन विभाग की जमीन में ठेकेदार ने रखा अवैध स्टॉक

# बिना परमिशन ब्लास्टिंग कर बना दी गई सड़क







**बनते ही फटने लगी रोड़ किनारे बनी साईड वॉल**

**घटिया सामग्री से हो रहा सड़क निर्माण, वाईब्रेटर बना दर्शक**

**पी एम जी एस वाय की सड़क पांच साल बाद भी अधर में**

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

बजाग से झनकी तक जोड़ने वाली सड़क 5 साल बाद भी आज तक अधूरी है। अंगई से झनकी के बीच वनीय क्षेत्र में अवैध पेड़ काटने के चलते पहले काम अधर में लटका रहा वहीं दूसरी ओर अब सड़क बनाने के लिए ठेकेदार द्वारा मानकों का उपयोग ना करके भ्रष्टाचार और मनमानी के चलते पी एम जी एस वाय अंतर्गत बन रही सड़क शासन के इरादों को नापाक साबित कर रहा है।

#### रात मे होती है अवैध ब्लास्टिंग

क्षेत्र में अंगई से झनकी तक बनने वाली यह सड़क मनमानी तौर पर बनाने के कारण जल्दबाजी के चलते मनमानी तौर पर अवैध ब्लास्टिंग की जाती रही है। जिसके चलते वनीय क्षेत्र में रह रहे जीवों को भारी दिक्कतें आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पत्थर तोड़ने के लिए मनमानी तौर पर ठेकेदार ने ब्लास्टिंग लगाकर पहाड़ तोड़ा गया है।

#### वनीय क्षेत्र में अवैध रेत का भंडारण

सड़क निर्माण के लिए उपयुक्त सामग्री की आवश्यकता होती है जिसमें घटिया किस्म की मिट्टी युक्त रेत लगा रहे हैं जिससे घटिया स्तर का सड़क निर्माण किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर सड़क के घटिया सामग्री निर्माण के चलते एक तरफ से सड़क बन रही है वहीं दूसरी तरफ से फटना शुरू हो गई थी।

#### वाईब्रेटर बना दर्शक सिर्फ दिखावा

सड़क निर्माण के दौरान जहां कंक्रीट की ढलाई के दौरान वाईब्रेटर चलाना अनिवार्य होता है पर ठेकेदार और कर्मियों की मनमानी के चलते वाईब्रेटर सिर्फ दिखावा बनकर रह गया है वहीं सड़क किनारे पर मनमानी बरती जा रही है।

#### इनका कहना है

आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है जल्द जानकारी लेकर उपयुक्त कार्यवाही करेंगे

**प्राची मिश्रा, रेंजर वन परिक्षेत्र गाडासरई**

#### मिट्टी युक्त रेत लगने से साईड वॉल फटने लगी

सड़क के निर्माण में अनियमितताओं को ताक में रखकर जैसे कार्य किया जा रहा है इसका जीता जागता उदाहरण सड़क किनारे बनी कालर साइड वाल बनाई गई जिसमें घटिया किस्म की रेत लगाने के चलते मिट्टी के मात्रा के चलते साईड वाल फटने लगी है। लगातार घटिया सामग्री से कार्य हो रहा है वहीं विभागीय अमला मूकदर्शक बना हुआ है। विगत 5 साल से बन रही सड़क पर मनमानी का आलम लगातार बढता जा रहा है, सड़क है या मौत की सड़क खड़ी घाटी बनाई गई है जिस पर एक्सीडेंट के चांस बहुत ज्यादा है। खड़ी घाटी में अनेक गाडियां घाट चढ़ने में उपयोगी नहीं रहेंगे वहीं दूसरी ओर एक तरफा ढलान एक्सीडेंट के आमंत्रित कर रहा है। जिसे विभागीय अधिकारियों और इंजीनियरिंग, एस डी ओ को सारी बातें ध्यान में रखकर सड़क निर्माण किया जाना चाहिए। जब इस तरह की अनियमितता के लिए पी एम जी एस वाय के जी एम जे पी मेहरा से बात करनी चाही तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

---

# भीषण गर्मी में काट दिया नलजल कनेक्शन, पीने के पानी को मोहताज हुए कई परिवार

## जनपद पंचायत मेंहदवानी के ग्राम पंचायत सारसडोली का मामला

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** ग्राम पंचायत सारसडोली के बीच टोला में नलजल योजना का वॉल खराब होने के कारण एवं आगे के घरों में टुल्लू पंप लगाकर पानी खींच लेने के कारण कुछ घरों तक विगत एक वर्ष से पानी नहीं पहुंच रहा था। ग्राम पंचायत द्वारा अभी हाल ही में 13 मई को नया वॉल लगा दिया गया जिसके कारण छूटे हुए घरों में 14-15 मई को पानी सप्लाई किया गया। इसके बाद 16 मई को ग्राम पंचायत सारसडोली के कर्मचारियों द्वारा पाइप लाइन काटकर वहां सीमेंट कांक्रीट कर दिया गया और 6 घरों में पानी सप्लाई बंद कर दिया गया है। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में ग्राम पंचायत के द्वारा पानी सप्लाई बंद किए जाने से आहत महिला कृष्ण कुमारी तथा उनके



पति राजेन्द्र साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा भेदभाव किया जा रहा है। पिछले एक वर्ष से हम लोगों को पानी नहीं मिलता था जिसके कारण हमारे द्वारा पैसे जमा नहीं किया गया।अब वॉल बदलने के बाद पानी आना शुरू हुआ तो पानी सप्लाई अवरूद्ध करने के उद्देश्य से पाइप लाइन काटकर वहां सीमेंट कांक्रीट कर दिया गया है।हम पैसे जमा करने को तैयार हैं और ग्राम पंचायत कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं पर कोई पैसे को तैयार नहीं है। इस भीषण गर्मी और नवतपा में मेरे अलावा रज्जू साहू, पुरषोत्तम साहू,शालिकराम साहू,बैशखुआ एवं भैया लाल के परिवार बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

#### इनका कहना है

जानकारी मिली है गर्मी के किसी का पानी रोकना ठीक नहीं है हम कल ही इसे ठीक कराएंगे जिससे सबको पीने का पानी उपलब्ध हो सके।

**-प्रमोद कुमार ओझा**
**सीईओ जनपद पंचायत मेंहदवानी**

---

# नर्सों ने देवदूत सदस्य पर लगाये अभद्रता के आरोप, परिवार ने रक्तदान से खींचे हाँथ

**आईसीयू में वार्ड में विवाद का मामला गहराया,दोनों पक्षों ने की कलेक्टर से शिकायत**

**एसडीएम को शिकायत पत्र सौंपती नर्सिंग ऑफिसर**



हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

पिछले दो दिनों से देवदूत रक्त दान परिवार और अस्पताल प्रबंधन के बीच चल रहा विवाद गहरा गया है। जहां मंगलवार को आईसीयू वार्ड में कार्यरत नर्सों ने कलेक्टर के नाम शिकायत पत्र एसडीएम को सौंपा है। जिसकी प्रतिक्रिया में देवदूत रक्तदान के पदाधिकारी ने भी अस्पताल प्रबंधन को घेरने हेतु जिला प्रशासन और संयुक्त संचालक स्वास्थ्य को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराया है। इसके साथ ही देवदूत रक्तदान संगठन ने जिला अस्पताल में रक्तदान हेतु सहयोग नहीं करने की बात कही है। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच आरोप प्रत्यारोप भी शुरू हो गया है। नर्सों के द्वारा की गई शिकायत में उल्लेख किया गया है कि देवदूत परिवार से जुड़े सदस्य उनके काम मे दखलंदाजी करते हैं और बेवजह दबाव बनाते हैं। संयुक्त रूप से की गई शिकायत में हॉस्पिटल स्टाफ ने लिखा है कि देवदूत सदस्यों द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है और आईसीयू प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता। शिकायत पत्र के मुताबिक जिला चिकित्सालय डिण्डौरी के आईसीयू वार्ड में देवदूत संस्था के सदस्यों द्वारा ड्यूटी स्टॉफ के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है एवं रक्त चढ़ाने की प्रक्रिया में अनाधिकृत रूप से दबाव बनाया जाता है। इसका विरोध करने पर अधिकारियों एवं राजनीतिक पहुँच की दलील देकर ट्रांसफर करवाने की धमकी दी जाती है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि देवदूत सदस्यों द्वारा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है और भीड़ के साथ जूता चप्पल बिना उतारे आईसीयू वार्ड के अंदर घुसते हैं। इस बावद मना करने पर ड्यूटी स्टॉफ से अनावश्यक बहस की जाती है। शिकायत में बिना अनुमति के आईसीयू वार्ड में विडियो बनाने और फोटो खींचने का भी जिक्र किया गया है। शिकायत पर एसडीएम रामबाबू देवांगन ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

#### आईसीयू में मरीज को खून चढ़ाना छोड़ जन्मदिन मना रहा था स्टॉफ

पूरे मामले पर सफाई देते हुये देवदूत रक्तदान परिवार के संचालक अतुल जैन ने बतलाया कि सोमवार को आईसीयू में भर्ती महिला मरीज को रक्त की आवश्यकता होने पर रक्तदान करवाया गया था। ब्लड चढ़ाने में हो रही देरी की शिकायत पर जब अतुल जैन आईसीयू पहुंचे तो वहां स्टॉफ जन्मदिन मनाने में व्यस्त था। जिसको लेकर बहस हो गई थी। इसके बाद मंगलवार को जब अतुल जैन और रक्तदाता फिर से आईसीयू पहुंचे तो डॉ धनराज सिंह ने उनको आईसीयू में घुसने से मना कर दिया। जब मामला सिविल सर्जन डॉ अजय राज के समक्ष पहुंचा तो उन्होंने भी देवदूत रक्तदान सदस्यों को जिला अस्पताल के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करने की चेतावनी दी है। जिसके बाद दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया है। बुधवार को कलेक्टर और संयुक्त संचालक स्वास्थ्य को पूरे मामले की जानकारी प्रेषित पत्र के माध्यम से देते हुये संस्था संचालक अतुल जैन ने बतलाया है कि उनकी संस्था देवदूत रक्तदान परिवार के द्वारा निरंतर 10 वर्षों से जिला अस्पताल में निःशुल्क रक्तदान सेवाकार्य किया जा रहा है। प्रतिदिन 05 से 10 यूनिट रक्त की पूर्ति का जिक्र करते हुऐ देवदूत पदाधिकारी ने बतलाया है कि जिला चिकित्सालय में अव्यवस्था का विरोध करने पर सिविल सर्जन डॉ. अजय राज और डॉ. धनराज के द्वारा संस्था सदस्यों से दुर्व्यवहार किया जाता है। जिससे रक्तदाताओं के स्वाभिमान को ठेस पहुँचती है। जिससे मरीज रक्तदान के लाभ से बंचित रह जाते हैं। सोमवार को हुई कहासुनी के विषय मे लिखते हुये संस्था संचालक अतुल जैन ने सफाई दी है कि आईसीयू वार्ड में एक किडनी पेशेंट भर्ती है। जिसकी दोनों किडनी खराब होने की दशा में उसे सप्ताह में 2 बार रक्त की आवश्यकता पड़ती है। जिसकी सहायता हेतु दोपहर 12 बजे आईसीयू वार्ड में वह पहुंचे थे और महिला मरीज के लिये ब्लड डिमांड पत्र तैयार करने के लिये नर्सिंग ऑफिसर से आग्रह किया था। लेकिन नर्सिंग स्टॉफ जन्मदिन मनाने में व्यस्त था। इसी विवाद के चलते पिछले तीन दिनों से जिला अस्पताल में रक्तदान कार्य प्रभावित हुआ है। देवदूत संस्था ने अधिकारियों से हस्तक्षेप की अपील करके विवाद निराकरण की उम्मीद जताई है।

---

# आनंदम दीदी कैफे में आयोजित आयुर्वेदिक औषधियां संरक्षक शिविर






हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से आज आनंदम दीदी कैफे में विशाल वैद्य सम्मेलन, वन मेला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डिंडौरी में किया गया। जिसका उद्देश्य बैगा क्षेत्र में आयुर्वेदिक औषधियों के संरक्षक व संवाहक वैद्यों की आयुष विशेषज्ञों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मेगा शिविर में 14 आयुष विभाग के 14 डॉक्टर सहित सुपरवाइजर, कम्पाउंडर, हेल्पर कुल 54 कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। साथ ही साथ बैगा क्षेत्र के बैगा वैद्य 60 डॉक्टर ने अपनी हुनर से लोगों को विभिन्न जडी बूटियां देकर कई बीमारियों का इलाज करना बताया। इन्हीं लोगों को आयुष विभाग के द्वारा एक-एक छाता और प्रमाण पत्र से सम्मानित कर विदा किया गया।

विशाल वैद्य सम्मेलन, वन मेला स्वास्थ्य शिविर में डिंडौरी मुख्यालय के परंपरागत वैद्य ममता शर्मा एवं उनके परिवार जनों के द्वारा आज कैंप में शामिल विभिन्न लोगों को अपने जडी बूटियों के संबंध में जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित किया। यह उत्पाद इन्हीं के द्वारा निर्मित किया जाता है।

जिष्णु आयुर्वेदा केमिकल मुक्त जीवन चर्या को लक्ष्य मे रखकर बालों और त्वचा के लिए पुराने तरीकों से उपयोग किये गये फेसपेक, शैम्पू, डाई, स्क्रब, तेल का निर्माण कर रहे हैं । इसमें मुख्यतः जड़ी बूटियां, मिलेट्स, फल, फूल, पत्तियां, मेवे का उपयोग किया जाता है। निर्माता श्रीमती जयश्री शर्मा चिकित्सकीय परिवार से हैं जो 5 पीढियों से सेवा में हैं। आपके दादा वैद्य भन्वरलाल जी शर्मा, खिरकिया और नाना वैद्य कन्हैयालाल जी (उज्जैन का प्रसिध्द श्री कल्याण आयुर्वेद भवन) की विरासत गुणों के रूप में स्वतः ही आपके अंदर आ गई। फाऊंडर महिमा शर्मा ने अपना अन्तर्राष्ट्रीय अधिवक्ता का करियर छोड़ कर बहुजन हिताय के उददेश्य से कंपनी की स्थापना विगत वर्ष की और 15 उत्पादों को लेब टेस्ट करवाकर आयुष विभाग से लाईसेंस प्राप्त कर जिले की पहली आयुर्वेदिक कंपनी का गौरव हासिल किया। पूरे भारत में अपनी सेवायें दे जिष्णु आयुर्वेदा ने 10,000 जिंदगियों को केमिकल मुक्त किया है।

---

# दो दिनों के मध्य महिला सहित तीन की मौत, पुलिस कर रही जांच

**अनूपपुर।** दो दिनों के मध्य जिला अस्पताल अनूपपुर एवं चचाई थाना क्षेत्र में एक वृद्ध महिला एवं दो पुरुषों की मौत की घटना घटित हुई है जिस पर पुलिस जांच कर रही है। तीनों मृतको के शव का बुधवार को जिला चिकित्सालय अनूपपुर में परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा एवं पीएम की कार्यवाही पुलिस द्वारा की गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चचाई थाना अंतर्गत ग्राम मेडियारास के वार्ड क्रमांक 6 बजरंग तिराहा निवासी 65 वर्षीय वृद्धा रुकनी बाई पति स्व. मेघऊ कोल का शव उसी के घर के आंगन में 28 मई की सुबह मिलने पर गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर चचाई पुलिस मौके पर पहुंच कर मृतिका के शव का पंचनामा कर आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ की इस दौरान पुलिस के बड़े अफसर



भी घटना स्थल पर पहुंचे पूछताछ पर पड़ोसियों ने बताया कि मृतिका घर पर अकेले रहती था जिसका शव उसी के आंगन में मृत स्थिति में मिला है जिसके शरीर में चोटो के निशान भी मिले हैं। जिस पर ग्रामीणों की राय थी कि वह देर रात आंगन मे लड़खडा कर गिर गई होगी जिससे उसे चोटे आई होगी। पुलिस के द्वारा मृतिका के शव को जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाकर परिजनों के समक्ष ड्यूटी डॉक्टर से पीएम की कार्यवाही कराते हुए जांच कर रही है। दूसरी घटना 28 मई की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर शहडोल से छत्तीसगढ़ राज्य के कुदरगढ़ पिकअप से जा रहे जाते समय कोतमा थाना अंतर्गत पैरीचुआ गांव के पास पिकअप के अनियंत्रित होने पर पलट जाने से अनेकों लोगों को चोटे आई रही जिसमें से अधिकांश लोगों को कोतमा अस्पताल से जिला चिकित्सालय अनूपपुर रेफर किया गया रहा जिसमे उपचार के दौरान मंगलवार की देर शाम 55 वर्षीय राय सिंह पिता स्व. फिरतू सिंह गोड़ निवासी लमरो कोतवाली थाना शहडोल की मौत हो गई। तीसरी घटना जैतहरी थाना अंतर्गत मनौरा गांव निवासी 46 वर्षीय अहिमन लाल विश्वकर्मा पिता जोगीलाल विश्वकर्मा जो 28 मई की दोपहर घर पर अचानक बीमार होकर बेहोश हो गए थे, जिन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाकर ड्यूटी डॉक्टर से परीक्षण कराया जा रहा जहां देर शाम परीक्षण दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित किया रहा। जिला अस्पताल में दोनों मृतको के शवो का बुधवार को परिजनों की उपस्थिति में अस्पताल पुलिस द्वारा पंचनामा कर ड्यूटी डॉक्टर से पीएम की कार्यवाही कराते हुए शव वाहन से मृतकों के शवो का अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंपते हुए घर तक भेजा गया। पुलिस प्रारंभिक कार्यवाही करने बाद घटना की डायरी संबंधित थाने को अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजी है।

## जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन संपन्न

अनूपपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्दर सिंह के निर्देशानुसार जिला जेल अनूपपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र पटेल के द्वारा किया गया। शिविर के दौरान नरेन्द्र पटेल ने बंदियों को उनके अधिकार एवं चलायी जा रही ।

## खबर संक्षेप

### नीचे गिरने से आई चोट, मौत

**नरसिंहपुर।** जिले के सांईखेड़ा थाना अंतर्गत आनेवाले उसराय निवासी शेर सिंह पिता उमेद सिंह अपने किसी काम से गाडरवारा आया हुआ था वही बसस्टेंड के पास ऑटो में बैठने जाते समय वह गिर गया और उसके सिर में चोट आ गई जिससे वह घायल हो गया वहीं उसे गाडरवारा में सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया जहां प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टर ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया वही अस्पताल चैकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया हैं।

### सर्पदंश से वृद्ध की मौत

**नरसिंहपुर ।** जिले के मुंगवानी थाना अंतर्गत आनेवाले गांव करैया निवासी डालचंद्र पिता नारायण साहू उम्र 60 वर्ष अपने कठोतिया गांव के खेत के घर में सुबह पीने के लिए मटके से पानी निकाल रहा था उसी दौरान मटके के बाजू में बैठे सांप ने उसे काट दिया वहीं परिजन उसे एंबुलेंस की मदद से तत्काल जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया वहीं अस्पताल चैकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया हैं।

### व्यसनों के दुष्प्रभावों की दी जानकारी

**तेंदूखेड़ा-** गत दिवस तहसील विधिक सेवा समिति, तेंदूखेड़ा द्वारा ग्राम पड़रिया के पंचायत भवन में 31 मई को विश्व तंबाकू दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति मान. अरविंद मीणा द्वारा तंबाकू सेवन के कारण होने वाले दुष्परिणाम एवं रोकथाम के उपाय के बारे में काफी विस्तार से जानकारी दी गई। तंबाकू सेवन से लोगो को होने वाली बीमारियां एवं कई अनेक समस्याओं का



सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त धूम्रपान से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए कहा गया कि धूम्रपान किए जाने से केवल धूम्रपान करने वाला व्यक्ति ही नहीं बल्कि उसके आस-पास के लोगों के लिए भी यह हानिकारक है। इसके कारण प्रत्येक वर्ष लाखों लोगों की मृत्यु हो जाती है। अंत में माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा ग्रामीण जन को धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन से रोकथाम और इसकी लत छोड़ने हेतु अपील की गई।

### एक दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन 1 जून को

**बालाघाट।** सीएम राइज स्कूल बालाघाट में जिला स्तर पर 1 जून प्रातः 10 बजे एक दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में पुस्तक विक्रेता, गणवेश विक्रेता एवं स्टेशनरी विक्रेता प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक स्टाल लगायेंगें। पुस्तक मेले का उददेश्य जिले के स्थानीय प्रतिष्ठानों से बच्चों को सुलभ दर पर पुस्तके , गणवेश, स्टेश्नरी उपलब्ध कराया जाना है । जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय ने इस संबध मे जिले के समस्त अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के पालक/अभिभावक अपने बच्चें के लिए सुलभ दर पर पुस्तकें गणवेश क्रय करने के लिए आमंत्रित किया है।

### मतगणना स्थल पर मोबाइल प्रतिबंधित

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन-2024 की मतगणना को लेकर बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में मतगणना होनी है। इश्लिये नोडल अधिकारी इस बात को समझे और उसी हिसाब से अपनी तैयारी करें। साथ ही ईवीएम और पोस्टल बैलेट की मतगणना में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों से घोषणा पत्र भरवाया जाएगा।

---

### हिरण के मांस जप्ती का मामला

# मरा हुआ आधा हिरण कहां गया, नहीं ढूंढ पाई पुलिस

## पुलिस की कार्रवाई पर उठ रही उंगलिया, अन्य साक्ष्य नही हो सके बरामद, फर्दे के पीछे आरोपी कौन ?

नरसिंहपुर

सुआतला थाना पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर लोगो मे संदेह बढ़ता ही जा रही है । वही पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपियों को न्यायालय द्वारा जमानत भी दे दी गई । पुलिस ने वाहन सहित आरोपियों को पकड़ने के 3 घंटे बाद पुलिस थाने पहुंची थी ऐसी जानकारी भी सूत्रों से प्राप्त हो रही है । महज 6 किलोमीटर की दूरी तय करने मे पुलिस ने इतना समय क्यों लगाया और हिरण का मांस जप्त किया गया तो फिर हिरण का शेष भाग कौन खा गया। जिसके बारे मे पुलिस अभी तक पता नही लगा सकी है। आरोपियों से राज उगलवाने मे पुलिस ने कोताही क्यों बरती और आरोपियों को रिमांड पर क्यों नही लिया गया ?

### मामला इस प्रकार

बीते शनिवार को सुआतला पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वन्य प्राणी के मांस की तस्करी की जा रही है । सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाई और दो अरोपियों को बंदूक, छर्रे एवं हिरण के मांस सहित बुलेरो वाहन को जप्त कर लिया। उसके बाद तीन घंटे तक वन विभाग थाने मे आरोपियों के लाने का इंतजार करता रहा जैसे ही आरोपियों को लाया गया तो पुलिस ने वन विभाग से नाम मात्र सहयोंग लेकर मामला पंजीबद्ध कर स्वंय कार्रवाई करते हुये न्यायालय मे पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया और मंगलवार को उनकी जमानत भी हो गई।

### कहां गया आधा हिरण

पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास से लगभग 5 किलो मांस जब्त हुआ एवं बुलेरों गाड़ी मे बंदूक व छर्रे भी मिले। लोगो का मानना है कि हिरण को मारा गया उसे काटा गया और मांस बोरी मे भरकर लाते समय पकड़ा गया। आरोपियों से पुलिस यह उलगवाने मे सफलता हासिल क्यों नही की पाई कि शेष हिरण का भाग आखिर कहां गया। यदि पुलिस को संदेह थाना तो आरोपियों को रिमांड पर पुलिस ने क्यो नही लिया । उक्त मामले के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई प्रकार के सवाल लोगों के मन मे उत्पन्न हो रहे है। क्या जमानत के बाद आरोपियों से पुलिस पुनः पूछताछ करेगी या पुलिस ने आरोपियों के साथ मिलीभगत करके मामले को कमजोर कर दिया जिसका लाभ आरोपियों को मिल जाये ?


हरिभूमि
पीठ थपथपा कर भूल गई पुलिस
तीन दिन से थाने मे रखा हिरण का मांस, मार रहा बदबू व लगे कीड़े

### मांस में कीड़े पड़ने का इंतजार क्यों कर रही थी पुलिस

पुलिस मांस को जप्ती किया और दूसरे दिन वन विभाग द्वारा सैंपिल ले लिये तो फिर दो दिन तक मांस को थाने मे रखकर क्या पुलिस उसमे कीड़े पड़ने का इंतजार कर रही थी। शनिवार को जब्त किये गये मांस को समापन की कार्रवाई वन विभाग द्वारा बुधवार को की गई। आखिर थाने मे मांस को रखकर पुलिस साबित क्या करना चाह रही थी यह बात लोगो को समझ के परे नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि मांस से बुरी तरह बदबू भी आ रही थी और कीड़े भी बड़ी संख्या मे लग चुके थे ।

### पुलिस आरोपियों के गई घर

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुआतला थाना पुलिस मंगलवार को आरोपियों की जमानत हो जाने के बाद पुलिस उनके घर पर भी गई हुई थी । हालांकि उक्त बात में कितनी सच्चाई यह तो पुलिस ही जानती है । लोगो का मानना है कि आरोपियों की जमानत के बाद पुलिस उनके घर क्यों गई । अब लोगो द्वारा अंदेशा लगाया जा रहा है कि मामले मे कुछ तो गड़ब. है। वही पुलिस अभी तक पुलिस पर्दे के पीछे के आरोपियों को क्यों नही पकड़ पाई । जाहिर सी बात है कि दो आरोपियों के पास से 5 किलों मांस बरामद हुआ तो शेष भाग किसके पास है और काटने के औजार तथा हिरण की खाल सहित अन्य शरीर का भाग कहां है जिसे खोजने मे एवं आरोपियों से उगलवाने मे पुलिस नाकाम रही । मामले मे धीरे धीरे पर्दे उठेगा तो साथी आरोपी भी सामने आयेंगे जिनके पास शेष हिरण का भाग था।

### पुलिस ने की आरोपियों से पैसों की मांग

उक्त मामले में आरोपी बनाये गये राजाराम पटेल और प्रदीप राय दोनों निवासी ग्राम बिलधा तहसील करेली जिला नरसिंहपुर को न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर के यहां प्रस्तुत जमानत आवेदन पर न्यायालय द्वारा जमानत दे दी गई है । इस मामले में प्रस्तुत जमानत आवेदन पत्र में थाना सुआतला जिला नरसिंहपुर की ओर से जो प्रकरण दर्ज किया गया था उसके खिलाफ आरोपी पक्ष ने स्वयं को निर्दोष बताते हुये उनके विरुद्ध पुलिस द्वारा राजनीतिक षड्यंत्र के तहत झूठा प्रकरण पंजीबद्ध किया जाने की बात कही है, उन्होंने बताया कि आवेदक डीजल क्रय करके खेत ले जा रहे थे तभी पुलिस वाले उनका वाहन बोलेरो को वहीं छोड़कर उन्हें अपने वाहन में बिठाकर लगभग तीन-चार घंटे घूमते रहे और पैसों की मांग की। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपियों को जमानत दी ।

### इनका कहना है

मंगलवार को पुलिस द्वारा जब्त किया हुआ हिरण का मांस दिया था जिसे बुधवार को जला दिया गया एवं आरोपियों की जमानत होने के बारे मे जानकारी नही है पुलिस ने किस प्रकार मामला बनाया है वह तो फाइल देखने के उपरांत ही बताया जा सकता है। लेकिन आरोपियों की जमानत इतने जल्दी मिलना संभव नही था।

**गौरव बानखेड़े, रेंजर वन परिक्षेत्र बरमान**

जमानत के बाद आरोपियों के घर पुलिस नही गई है जिसके द्वारा यह जानकारी दी गई है। यह असत्य है

अंकित रावत, एसआई

---

# 15 दिनों के अंदर कार्यवाही नहीं तो 2 साल की बच्ची के साथ करूंगा आत्महत्या

**नरसिंहपुर ।** जिले के गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लगातार अनियमिताओं को लेकर हमेशा सुर्खियों में ही रहा है और अभी कुछ दिनों से हर अखबार की हेडलाइंस बना है, गबन भ्रष्टाचार करप्शन मौत प्रताड़ति जैसे कई संगीन आरोप लगने के बाद डॉक्टर एस एस धुर्वे के खिलाफ शासन प्रशासन द्वारा ऐसे भ्रष्ट अधिकारी पर कोई कार्यवाही न करना सवालिया निशान खड़े होने के साथ-साथ इस भ्रष्ट अधिकारी को संरक्षण देने का कार्य कर रहा है यह कहने में इसलिए बुराई नहीं है कि इसके पहले कई ऐसे संगीन आरोप लगने के बाद शिकायत एवं ज्ञापन तक हो जाने पर सभी मीडिया अखबारों में इनके कारनामे गबन लापरवाही भ्रष्टाचार मौत जैसे संगीन मामलों को छापे जाने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा कार्यवाही न



करना एवं संरक्षण देने का कार्य किया जा रहा है और इन पर पूरे तरह से मेहरबान है इसमें कोई दो राय नहीं है कि बीएमओ डॉक्टर से धुर्वे पर शासन प्रशासन नतमस्तक है तभी तो अब तक साहिब को कोई नोटिस या किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है उनके खिलाफ अब एक बार फिर ऐसा ही एक और संगीन मामला फिर सामने आया है जिसमें शासन प्रशासन को आवेदक राजेंद्र मेहरा ग्राम सहजपुरा निवासी तहसील गोटेगांव ने कलेक्टर व एस.पी पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन एवं मीडिया में प्रेस नोट जारी कर 15 दिवस का समय देते हुए आत्महत्या करने की बात कह डाली और कहा न्याय नहीं मिला तो मैं अपनी 2 वर्षीय बच्ची के साथ आत्महत्या कर लूंगा जी हां विगत माह पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में डिलीवरी के दौरान प्रसव डॉक्टर उपस्थित नर्स स्टाफ द्वारा लापरवाही के द्वारा एक महिला और बच्चे की मौत हो गई थी यह मामला मीडिया में रहा और बहुत ज्यादा काफी सुर्खियों में रहा था लेकिन दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई थी लेकिन अब इसमें एक और नया मोड़ आया है जिस पर प्रार्थी राजेंद्र मेहरा ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के नाम अपना ज्ञापन सौपकर कार्रवाई की मांग की गई ।

# जूनियर इंजीनियर को 10 हजार की रिश्वत लेते लोकायुक्त ने पकड़ा

**नरसिंहपुर।** बुधवार में लोकायुक्त ने आवेदक केदार पटेल की शिकायत पर बड़ी कार्यवाही की। शिकायतकर्ता के अनुसार उनके खेत में लगे दो विद्युत कनेक्शन को ग्रामीण क्षेत्र विद्युत मंडल से जूनियर इंजीनियर नागेंद्र सिंह द्वारा अपने स्टाफ के साथ आवेदक के खेत पर जाकर मीटर को डायरेक्ट करके उसका ऑनलाइन चोरी का केस बना दिया गया उस केस को रफा दफा करने एवं डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना ना करने के एवज में 20000 हजार की रिश्वत की मांग की गई जिसकी शिकायत लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर में की गई। शिकायत सत्यापन उपरांत गत दिवस को नागेंद्र सिंह कनिष्ठ अभियंता प्रभार सहायक अभियंता को कनिष्ठ अभियंता कार्यालय विद्युत वितरण केंद्र नरसिंहपुर ग्रामीण में 10000 हजार की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त जबलपुर टीम के उप पुलिस अधीक्षक सुरेखा परमार, इंस्पेक्टर रेखा प्रजापति, इंस्पेक्टर कमल सिंह उईके एवं 5 अन्य सदस्यों ने रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।



### जैविक उत्पाद पर प्रशिक्षण 6 से

**नरसिंहपुर।** पूर्व शिक्षण की मान्यता (आरपीएल) प्रशिक्षण कार्यक्रम 2024-25 अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र नरसिंहपुर में तीन दिवसीय जैविक उत्पाद प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। ये आवेदन 3 जून 2024 तक स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड डॉक एवं स्वयं द्वारा भेजे गये आवेदन ही स्वीकृत किये जा सकते हैं। इसके लिए न्यूनतम योग्यता 10 वीं पास एवं 2 वर्ष जैविक कृषि का अनुभव अनिवार्य की गई है। वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रमुख डॉ. विशाल मेश्राम ने बताया कि जैविक उत्पाद पर व्यवसाय करने के इच्छुक कृषक, बेरोजगार युवक- युवतियां एवं छात्र‍६ छात्राएं इस प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान भोजन व्यवस्था प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा की जायेगी। उम्मीदवार आवेदन के साथ 10 वीं अंकसूची, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, मोबाईल नम्बर एवं पासपोर्ट साईज की फोटो की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। आवेदन प्राप्त उम्मीदवारों का चयन प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर किया जायेगा।

### उप निर्वाचन आयुक्त ने वीसी लेकर मतगणना की तैयारियों की समीक्षा



**नरसिंहपुर ।** उप निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग अजय भादू ने बुधवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना की तैयारियों के संबंध में प्रदेश के सभी अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग से चर्चा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने एनआईसी इंदौर से इस वीसी से जुड़कर प्रदेश के सभी लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में मतगणना के लिये की गई तैयारियों एवं किये गये प्रबंधों की जानकारी दी। प्रदेश के सभी 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वीसी में वर्चुअली शामिल हुए। वीसी में उप निर्वाचन आयुक्त श्री भादू ने कहा कि मतगणना कार्य से जुड़ी सभी तैयारियां व जरूरी व्यवस्थाएं शीघ्र दुरूस्त कर ली जायें और बिना किसी बाधा के मतगणना कार्य संपन्न कराएं। मतगणना स्थल पर सभी जरूरी संसाधन एवं व्यवस्थाएँ उपलब्ध रहें।

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में विक्रम स्पोर्ट्स इंदौर विजेता रही



**करेली ।** 24 मई से 26 से मई तक ग्राम पंचायत पिपरिया लिंगा में विशाल राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया स जिसके आयोजक आसिफ खान (रहीस मासाब) ने इस प्रतियोगिता के संबंध में बताया कि पुरुष वर्ग में विक्रम स्पोर्ट्स इंदौर विजेता रही ,और जबलपुर एकेडमी उपविजेता रही स विजेता टीम को 21001 की राशि मनीष कौरव भिंडवार जनपद पंचायत उपाध्यक्ष चीचली, और रोहित सिंह पटेल के द्वारा दी गई । उपविजेता टीम को 11001 रुपए की राशि रफीक मुकदम (नन्हे ठेकेदार) के द्वारा दी गई स तृतीय टीम विजेता टीम का 5001 की राशि विष्णु दुबे बरमान वालों के द्वारा दी गई और कप प्रदान किए गए । राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में इंदौर, जबलपुर, भोपाल ,सागर ,रायसेन, विदिशा आदि जिले की टीमों ने भाग लिया । इस कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान कई प्रो कबड्डी के नामी खिलाड़ीयो ने भी आकर अपनी सहभागिता दी। बालिका वर्ग में देवरी (उदयपुरा) टीम विजेता रही। वहीं उप विजेता गाडरवारा टीम रही । प्रतियोगिता के आयोजक आसिफ खान रईस मासाब ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# कार्रवाई ना होने पर पीड़ित ने खाया जहर

**नरसिंहपुर ।** तहसील क्षेत्र गाडरवारा अंतर्गत कृषि भूमि पर कब्जा करने की शिकायत पर प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई ना किये जाने को लेकर पीड़ति द्वारा जहर का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया गया। ज्ञात हो कि बाते दिनो पीड़ति किसानों को अवैध कब्जोधारियों द्वारा मारने की धमकी दी गई। आवेदन मे किसान द्वारा बताया गया कि ग्राम डुंगरिया मे पैतृक भूमि खसरा नंबर 92/2 रकवा 0.967 हे. उसके निजी स्वामित्व की भूमि है जिस पर वह पूर्वजों से खेती करता चला आ रहा था उक्त भूमि पर ग्राम के ही रवि पचौरी द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया। जिसकी शिकायत तहसीलदार गाडरवारा के पास की गई जिस पर तहसीलदार के न्यायालय द्वारा भूमि पर कब्जा हटाने का आदेश दिया गया। दबंग द्वारा न्यायालय के फैसले के बाद पीड़ति किसान पंकज उपाध्याय को धमकी दी जा रही है। पीड़ति द्वारा बताया गया दबंग द्वारा किसान को खेत जाने से भी रोका जा रहा है जिससे उसके कृषि कार्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। पीड़ति किसान द्वारा उठाये गये कदम से प्रशासन के जिम्मेदार अधिकरियों की कार्यप्रणली पर प्रश्न चिन्ह लगाती है। वही पीड़ति द्वारा जहर खाने के उपरांत उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्र करेली ले जाया गया जहां पर हालात गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय लाया गया ।

# चिलचिलाती भीषण गर्मी में भी लग रहीं आंगनबाड़ी नौनिहालों की सेहत का नहीं रखा जा रहा ध्यान

**तेंदूखेड़ा-** एक तरफ जहां धूप और गर्मी की तेज लपटों से संपूर्ण प्रदेश झुलस रहा है। आम जनजीवन प्रभावित रहने के साथ हर वर्ग अस्त व्यस्त बना हुआ है। बड़े बड़े लोग अपने अपने घरों में दुबके हुए बैठने के साथ कूलर पंखों से राहत तलाश रहे हैं वहीं छोटे छोटे नोनिहालों को खुली धूप में आंगनवाड़ी केन्द्रों में ले जाना निश्चित तौर पर उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ ही माना जाएगा। ऐसी ही स्थिति संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों मे देखने को मिल रहीं है। जहां आंगनवाड़ी केन्द्र सुबह आठ बजे से दोपहर साढ़े ग्यारह बजे तक लगाये जा रहे है। इस संबंध में जब हमारे प्रतिनिधि ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि शासकीय आदेश अनुसार हमारे द्वारा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, । सोचनीय विषय तो यह है कि जब संपूर्ण प्रदेश में ग्रीष्म कालीन छुट्टियां चल रही है। फिर भी इन केंद्रों का लगना झुलसाती गर्मी के बीच मुनासिब नहीं है। एक तो आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थितियां भी ठीक नहीं है। न बैठने के लिए पर्याप्त सुविधायुक्त भवन है, और ना ही पीने के लिए पानी की कोई उचित व्यवस्थाएं हैं, और ना ही गर्मी से बचने के लिए पंखे हैं, आखिर ऐसी कौन सी आवश्यक परिस्थितियां है जिस कारण से नोंनिहालो के भविष्य को इस भीषण गर्मी में तपाया जा रहा है।



### नहीं मिलता पर्याप्त पोषित आहार

इन केंद्रों पर तीन साल से पांच साल तक के बच्चों को शासन द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए पोषण आहार और मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था भी अलग-अलग दिनों में मीनू के हिसाब से की गई है लेकिन एक और जहां शासन द्वारा जहां इस भीषण गर्मी में पाल्यों का कहना है कि उन्हें ना तो पोषण आहार मिल रहा है और ना ही पर्याप्त मध्यान्ह भोजन समूहों के संचालकों की मनमानी के चलते ही उनके ही हिसाब से भोजन उपलब्ध कराया जाता है। जबकि शासन द्वारा इन बच्चों के भरण पोषण के लिए हर माह पर्याप्त खाद्यान्न वितरित किए जा रहा है,। भले ही बच्चे शत प्रतिशत केंद्र में ना पहुंचे लेकिन खाद्यान्न पूरा दर्ज संख्या के हिसाब से ही उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन इस खाद्यान्न का बच्चों को लाभ मिलता नहीं दिख रहा है। पालक वर्ग का कहना है कि इस तरह की व्यवस्थाओं की प्रशासनिक स्तर से हर माह मानिटिरिग कराई जानी चाहिए। और जांच के बाद जो तथ्य निकलकर सामने आयें उसके उपरांत दोषियों पर उचित दंडात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए।

### पटवारी आर आई के साथ मारपीट



**नरसिंहपुर ।** बुधवार को भूमि का नाप करने ग्राम खमरिया पहुंची राजस्व विभाग की टीम पर ग्रामीणों व भू स्वामियों द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुये मारपीट की गई । आर आई श्रीमती मंजू विश्वकर्मा द्वारा थाना स्टेशनगज मे लिखित आवेदन देकर शासकीय कार्य में बाधा तथा मारपीट करने का अपराध पंजीबद्ध कराने हेतु प्रस्तुत किया गया